## हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की भवन निर्माण समिति की दिनांक 22.06.2019 को सम्पन्न हुयी पंचम बैठक का कार्यवृत्तः

बैठक में निम्नोक्त सदस्यगण उपस्थित हुए :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | मा0 कुलपति महोदय, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 मनोज कुमार शुक्ला, कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | सदस्य |
| 3. | श्री राजीव कक्कड़, एसो0 प्रोफेसर, कालेज आफ आर्किटक्चर, लखनऊ | सदस्य |
| 4. | श्री विनीत सिघंल, अधि0 अभि0, प्रतिनिधि उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, कानपुर | सदस्य |
| 5. | श्री आर0एन0 अग्निहोत्री, परियोजना प्रबन्धक, प्रतिनिधि उ0प्र0रा0नि0नि0लि0, कानपुर | सदस्य |
| 6. | प्रो0 प्रदीप कुमार, विभागाध्यक्ष, सिविल इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | सदस्य सचिव |
| 7. | श्री राजेश सिंह, वित्त नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | विशेष आमंत्री |

**5.01 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की भवन निर्माण समिति की दिनांक 28.05.2019 को सम्पन्न हुई चतुर्थ बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

विश्वविद्यालय की भवन निर्माण समिति की दिनांक 28.05.2019 को सम्पन्न हुयी चतुर्थ बैठक के कार्यवृत्त को अवलोकनोपरान्त पुष्टीकरण किया।

**5.02 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की भवन निर्माण समिति की दिनांक 28.05.2019 को सम्पन्न चतुर्थ बैठक में लिए गए निर्णयों पर कृत कार्यवाही के विवरण से समिति को अवगत कराया गया। समिति द्वारा उक्त पर अग्रेत्तर कार्यवाही अतिशीघ्र किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।**

5.03 विश्वविद्यालय में प्रस्तावित निर्माण कार्यों पर विचार।

प्रस्तावित निर्माण कार्य :

**5.03(i) विश्वविद्यालय के यांत्रिक अभियंत्रण विभाग में कक्षा–कक्षों के आगणन पर विचारः–**

समिति ने कक्षा–कक्षों के निर्माण के आगणन पर विभाग की आवश्यकतानुसार अभातशिप के मानकों के अनुसार सुविचारित प्रस्ताव एवं आगणन भवन निर्माण समिति की आगामी बैठक में प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया था उक्त के क्रम में विभागाध्यक्ष के पत्रांक 193/एम0ई0/वाहय/2019 दिनांक 11.06.2019 के माध्यम से समिति को अवगत कराया गया है। अतः उक्त के क्रम में निर्माण इकाई से पूर्व में प्राप्त आगणन रू0 199.91 लाख के स्थान पर संशोधनोपरान्त रू0 127.51 लाख पर भवन समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**5.03(ii) विश्वविद्यालय के मा0 कुलपति महोदय के आवास एवं कैम्प कार्यालय के निर्माण के आगणन पर विचारः—**

समिति ने निर्माण इकाई द्वारा प्रश्नगत् कार्य हेतु पूर्व में प्राप्त आगणन रू0 247.65 लाख के स्थान पर संशोधनोपरान्त रू0 242.56 लाख पर अनुमोदन प्रदान करते हुये अग्रेत्तर कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया।

**5.03(iii) विश्वविद्यालय के बाउंड्री वाल के आगणन पर विचारः—**

समिति ने निर्माण इकाई द्वारा प्रश्नगत् कार्य हेतु पूर्व में प्राप्त आगणन रू0 649.95 लाख के स्थान पर संशोधनोपरान्त रू0 399.65 लाख पर अनुमोदन प्रदान करते हुये अग्रेत्तर कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया।

**(प्रो0 प्रदीप कुमार)**
विभागाध्यक्ष, सिविल इंजी0 विभाग
एवं सदस्य सचिव, भवन निर्माण समिति
एच0बी0टी0यू0, कानपुर

**(प्रो0 एन0बी0 सिंह)**
कुलपति
एवं अध्यक्ष, भवन निर्माण समिंति
एच0बी0टी0यू0, कानपुर